न्यायालय अपर समाहर्त्ता, हजारीबाग।

विविध वाद संख्या – 09/2016

मसो0 बुधनी एवं अन्य –बनाम – राज्य

–: आदेश :–

यह विविध वाद संख्या 09/2006 मसो0 बुधनी पति स्व0 रामधनी राणा (2.) अर्जुन शर्मा पिता रामधनी राणा, ग्राम–जगदीशपुर, थाना–हजारीबाग के द्वारा दाखिल आवेदन पर प्रारम्भ की गयी है। उनके आवेदन के आलोक में विपक्ष को भी नोटिस निर्गत् कर पक्ष प्रस्तुत करने हेतु सूचित किया गया। दिनांक 25.01.2017 को उभय पक्षों के विज्ञ अधिवक्ता को सुना एवं निम्न न्यायालय का अभिलेख की माँग की गयी। निम्न न्यायालय का अभिलेख (सं.-547/15-16) प्राप्त। आवेदक का आवेदन के अवलोकन से स्पष्ट है कि अंचल अधिकारी, सदर द्वारा ग्राम–सारले, थाना नं0–159 के अन्तर्गत खाता नं0–60, प्लॉट नं0–241, रकबा–0.50 एकड़ का उत्तराधिकारी नामान्तरण वाद संख्या 2254/2014–15 के द्वारा की गयी है, को रद्द करने तथा छुपनी देवी के नाम कायम जमाबंदी को यथावत् रखने हेतु अनुरोध किया गया है।

यह मामला दाखिल खारिज के विरूद्ध दायर किया गया है। Maintenance of Record Act, 1973 के धारा–16 में अंचल अधिकारी के आदेश के विरूद्ध भूमि सुधार उप समाहर्त्ता को सुनवाई करने हेतु शक्ति प्रदत्त है आवेदकगण को भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, सदर के न्यायालय में अपील दायर करना चाहिए।

उक्त विवेचित तथ्यों के आलोक में इस अभिलेख का आगे की कार्रवाई बन्द करते हुए आवेदकगण को भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, सदर के न्यायालय में अपील दायर करने हेतु निदेशित किया जाता है।

लेखापित एवं संशोधित

(ह०) 2/2/17

अपर समाहर्त्ता, हजारीबाग।

(ह०) 2/2/17

अपर समाहर्त्ता, हजारीबाग।